# मु.मंत्री भजनलाल ने देश की पहली "डिजी वन फॉरेस्ट स्टैक" ऐप जारी की

## विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया

जयपुर, 21 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर, राज्य सरकार ने मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 7 करोड़ पौधे लगाए गए तथा इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

शर्मा शुक्रवार को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। हमारी संस्कृति में पेड़, प्रकृति एवं पहाड़ों की पूजा की जाती है तथा राजस्थान का पर्यावरण संरक्षण से पुराना नाता रहा है। उन्होंने आव्हान किया कि हम वनों को बचाने और अपनी जैव-विविधता को संरक्षित करने के साथ, ही आने वाली पीढ़ि यों के लिए एक हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लें।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज़्म तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान व नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में गोल्फ कार्ट सुविधा का लोकार्पण किया।*

शर्मा ने इस अवसर पर वन विभाग द्वारा विभागीय कार्यो में पारदर्शिता लाने हेतु नवीनतम आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित 'डिजी-वन-फोरेस्ट स्टैक' एप का शुभारम्भ किया, जो कि देशभर का पहला डिजिटल फोरेस्ट स्टैक है। साथ ही, उन्होंने सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म फैसिलिटीज तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर व नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में गोल्फ कार्ट सुविधा को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने वन मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन (सीआरईएसईपी) के लोगो का अनावरण तथा वन प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान का डिजिटल माध्यम से शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वनमित्रों को किट वितरित किए तथा वन विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने पौधरोपण किया तथा गोल्फ कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पौधरोपण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए मॉनिटरिंग की भी अनूठी व्यवस्था की गई है। जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी (जाइका) के एजि वाकामास्तु ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

- **मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत, राजस्थान में जो मिशन हरियाली राजस्थान शुरु किया गया है, उसके तहत 2024-25 में 7 करोड़ पौधे लगाए गए व इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।**
- **खां व उसकी पत्नी जैतून ने अपने तीन अन्य बेटों, अमजद, सद्दाम और असफाक के साथ मिलकर अपने ही एक और बेटे समीर को पीट-पीट कर मार डाला था, अदालत ने आरोपियों पर 2.81 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया।**

## आर.एस.एस., दक्षिण भारत ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

करना चाहिये। आपसे में लड़ना-झगड़ना देश के लिये अच्छा नहीं है।"

प्रसंगवश बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह ने भी दक्षिणी राज्यों को "ऑन रिकॉर्ड" आश्वासन दिया है कि "परिसीमन के बाद इन राज्यों की एक भी सीट कम नहीं होगी।" यह पहला अवसर नहीं है, जब आर.एस.एस. ने दक्षिणी राज्यों के साथ एकात्मता दिखाई है। जुलाई में, आर.एस.एस. के मुख पत्र "ऑर्गनाइजर" ने एक संपादकीय में कहा था: "क्षेत्रीय असंतुलन एक अन्य संकटपूर्ण बिंदु है, जो परिसीमन प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। पश्चिमी और दक्षिणी राज्य जनसंख्या नियंत्रण के उपायों के मामले में अपेक्षाकृत बेहतर काम कर रहे हैं तथा इसलिये इन राज्यों को कुछ संसदीय सीटें खाने का डर है।" अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने 2018 में "भारतीय" भाषाओं के संरक्षण एवं प्रोत्साहन की जरूरत को रेखांकित करते हुये एक प्रस्ताव पारित किया था तथा कहा था कि प्राथमिक शिक्षा केवल मातृभाषा या किसी अन्य भारतीय भाषा में ही होनी चाहिये।

## 'हमारे खिलाफ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

मंत्री भी रह चुके हैं, ने बुधवार को विधानसभा में इस मुद्दे का जिक्र किया था तथा उन्होंने ये प्रश्न भी किया था। "क्या इसका यह अर्थ निकाला जाये कि कोई व्यक्ति अपने प्रतिद्वंदियों/विरोधियों को वश में रखने के लिये (हनी ट्रैपिंग की) किसी भी सीमा तक जा सकता है?" उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हनी ट्रैप फैक्ट्री चलाने का आरोप लगाया था।

गुरुवार को यह मुद्दा जोर पकड़ गया तथा आम जनता में चर्चा का विषय बन गया। पत्रकारों से बात करते हुये, राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इस घटना की निंदा की तथा कहा कि राजनीति को ऐसी चालबाजियों में लिप्त नहीं होना चाहिये। उन्होंने हनी ट्रैपिंग के खिलाफ निष्पक्ष लड़ाई की जरुरत बताई, क्योंकि सभी पार्टियों के नेतागण इसके शिकार बन चुके हैं।

## एसआई भर्ती...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

में अपने परिचित के मार्फत स्वयं के स्थान पर अन्य व्यक्ति को डमी कैंडिडेंट से परीक्षा दिलवाकर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना स्वीकार किया है। जिसके फलस्वरूप रामखिलाडी मीणा का मैरिट क्रमांक 1105 पर उपनिरीक्षक के पद पर चयन हुआ था। रामखिलाड़ी को शनिवार को कोर्ट में पेश जाएगा। इस मामले में अब तक 49 प्रशिक्षु एसआई एवं 6 चयनित एसआई गिरफ्तार हो चुके हैं।

## सौरभ भारद्वाज...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

और दुर्गेश पाठक को सह प्रभारी बनाया गया है। पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है।

गोवा के लिए तीन सह प्रभारी बनाये गए हैं जिनमें सर्वदीपक सिंगला, अंकुश नारंग और आभाष चंदेला शामिल हैं। पार्टी के संगठन महासचिव संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर का अध्यक्ष बनाया गया है।

## महाराष्ट्र सरकार...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कुछ दिन पहले आगरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि जिले में जिस जगह पर छत्रपति शिवाजी महाराज को नज़र बंद किया गया था, वहां छत्रपति शिवाजी महाराज का एक भव्य स्मारक बनना चाहिए।

## सोनिया गांधी ने प्रणब बाबू ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

लंबी लिस्ट घोषित की गई हैं। रिक्त पदों को भरा गया है तथा वर्तमान नामों में परिवर्तन किए गए हैं। इसके साथ-साथ, पश्चिम बंगाल कांग्रेस की एक मीटिंग में राहुल गाँधी ने स्पष्ट किया कि पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए और ममता बनर्जी के साथ गठबंधन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

दिल्ली में भी यही हुआ जहाँ कांग्रेस ने सभी सीटों पर चुनाव लड़ा जिसके परिणामस्वरुप आम आदमी पार्टी की विधानसभा चुनावों में हार हुई।

बिहार में, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, अखिलेश सिंह, जिनके आर.जे.डी. व लालू यादव से नज़दीकी संबंध थे, को पद से हटा दिया गया है तथा एक ने दलित नेता को पी.सी.सी. अध्यक्ष को नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ कन्हैया कुमार को प्रमुख रुप से आगे बढ़ाया गया है, जो आर.जे.डी. को स्वीकार नहीं है।

बिहार में कांग्रेस का आर.जे.डी. के साथ लंबा गठबंधन रहा है। यह स्पष्ट है कि राहुल पार्टी का पुनर्निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन, समस्या यह है कि कांग्रेस के नेता हर हाल में सत्ता चाहते हैं। राहुल की यह रणनीति दीघकालिक तरीका हो सकता है।

लेकिन, प्रश्न यह भी है कि क्या वो इस तरीके को कायम रख पाएंगे, क्योंकि, इसके परिणामस्वरुप कई लोग कांग्रेस को छोड़ सकते हैं।

- **पर, समस्या यह है कि कांग्रेस के पुराने नेता व कार्यकर्ता सत्ता का मोह नहीं त्याग पा रहे और राहुल गांधी की रणनीति पूरी तरह से लागू हो, उससे पहले संभवतया कांग्रेस के कई नेताओं का अन्यत्र पलायन होगा।**

## बेटे के हत्यारे...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

है। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर मृतक के चाचा सलीम खान ने 19 अक्टूबर, 2022 को वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उनका और नवाब खान के बीच संपत्तियों को लेकर विवाद चल रहे हैं। एक दिन पहले वह अपने जीजा के साथ किसी काम से अजमेर गया था। इस दौरान अभियुक्तों ने एक राय होकर समीर की पत्नी से मारपीट की और मकान खाली नहीं करने पर समीर को जान से मारने की धमकी दी। वहीं बाद में जब समीर घर पहुंचा तो सभी अभियुक्तों ने उसे डंडों से पीटा और उसका सिर फोड़ दिया। वहीं बीच बचाव करने आए परिजनों से भी मारपीट की। इसके बाद 19 अक्टूबर की सुबह अभियुक्त समीर की पत्नी से मारपीट करने लगे। जब समीर और परिजनों ने बीच बचाव किया तो अभियुक्तों ने समीर पर छुरी और डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान समीर और अन्य घायलों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां समीर की मौत हो गई। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान समीर की विधवा ने अदालत को बताया कि उसके दादा ससुर के नाम संपत्ति को लेकर परिवार में रोजाना झगड़ा होता था। घटना के दिन भी अभियुक्तों ने मारपीट की और छुरी से समीर की हत्या कर दी थी।

## ट्रम्प ने अमेरिका...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

देशों का रुख कर सकती हैं। इस कदम से अमेरिकन शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है या ताकतवर बनती है पर एक बात तय है कि यह एक भारी बदलाव की शुरुआत है।

हालांकि ये बदलाव अन्य देशों के छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ाई करने के सपने का अंत नहीं बताते हैं। अमेरिका लंबे समय तक दुनियाभर के छात्रों के लिए शिक्षा के पहले नम्बर पर रहा है क्योंकि यहां पर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय हैं, रिसर्च पर फोकस है और करियर के शानदार अवसर हैं। लेकिन यदि शिक्षा विभाग को खत्म करने से फंडिंग, शिक्षा ऋण और संघीय निगरानी में अस्थिरता आती है तो अमेरिका का आकर्षण कम हो सकता है।

यदि यही स्थिति जारी रही तो अमेरिका अपना अव्वल दर्जा खो सकता है। हालांकि अमेरिका में पढ़ने का सपना रातों रात तो मर नहीं सकता पर इसका आकर्षण अवश्य कम हो सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा को नोटिस दिया

नई दिल्ली, 21 मार्च। उच्चतम न्यायालय ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि शीर्ष अदालत की ओर से उन्हें दी गई पदवी क्यों न रद्द कर दी जाए। यह अभूतपूर्व निर्णय वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा के खिलाफ कदाचार के आरोपों के मद्देनजर लिया गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बुलाई गई पूर्ण अदालत, जिसमें प्रशासनिक पक्ष के सभी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश शामिल थे, ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को मल्होत्रा के खिलाफ कड़ी टिप्पणी की थी। उन पर शीर्ष अदालत की चेतावनियों के बावजूद भ्रामक बयान देने के अलावा कैदियों की समयपूर्व रिहाई के कई मामलों में महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाने का आरोप है। पूर्ण न्यायालय, जिसने अपने महासचिव भरत पराशर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए अधिकृत किया, ने कहा कि मल्होत्रा को वरिष्ठ पदनाम से हटाए जाने से पहले अपने आचरण को स्पष्ट करने के लिए एक और अवसर दिया जाना चाहिए।20 फरवरी के अपने फैसले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक हालिया मामले में उनके आचरण की आलोचना की थी और उन पर यह खुलासा न करने का आरोप लगाया था कि शीर्ष अदालत ने दोषी की सजा में छूट पर 30 साल की रोक लगा दी है। इसी प्रकार, न्यायालय ने पाया कि मल्होत्रा ने अन्य अवसरों पर भी सर्वोच्च न्यायालय को गुमराह किया है।

- **चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के नेतृत्व में पहली बार फुल बैंच ने किसी वरिष्ठ अधिवक्ता को नोटिस दिया है।**






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908